## महत्वपूर्ण एवं खास

### जेई की लापरवाही से हुयी लाईन मेन की मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** गारका 11 केव्ही सब स्टेशन के आरंदी फीडर में ब्रेक डाउन होने पर जेई विनेंद्र शार्दुल ने परमिट लिया और न ही सेफजोन बनाए बिना अकुशल कर्मी बसंत पटेल को मरम्मत के लिए भेज दिया। इससे कार्य के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के महामंत्री बी नागेश्वर राव ने मुख्य अभियंता को लिखित शिकायत की। महामंत्री राव ने बताया कि जेई शार्दुल के कार्यकाल में यह तीसरी घटना है। इसके पहले कोंडागांव में भी लापरवाही के चलते कर्मचारी की मौत हुई थी। बावजूद जेई नियमों को ताक पर रख कर कर्मचारियों से मनमाने तरीके से काम ले रहे हैं। अकुशल कर्मचारियों को बिना सेफ्टी बेल्ट, वूडन लेडर व उचित डिस्चार्ज व्यवस्था के बिना काम करवाया जा रहा है। इससे आए दिन कर्मचारी घटना के शिकार हो रहे हैं। इस मामले पर अब जल्द ही कार्रवाई की जाए।

### शादी के 17 साल बाद हुआ बच्चा, सर्पदंश से चल बसा

**जगदलपुर (आरएनएस)।** लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम धुरागांव मुंडीगुड़ीपारा में रहने वाले सुदुराम मौर्य के घर 4 वर्ष पहले ही खुशी आई थी। शादी के 17 वर्ष के बाद उनके यहां पर एक लड़का पैदा हुआ था लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था जिसके चलते करैत सर्प ने सो रहे बच्चे के हाथ में डस लिया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चार साल का भुनेश्वर अपनी मां भदरी, दादी पाकली व पिता के साथ जमीन में सो रहा था तभी 2 करैत सर्प घर में घुस गए जिसमे से एक ने बच्चे के हाथ में डस लिया, बच्चे के रोने की आवाज को सुनने के बाद माँ ने दोनों सर्प को देखकर परिजनों को आवाज लगाई परिजन बच्चे को तत्काल मोटर साइकिल से लोहंडीगुड़ा के अस्पताल ले गए। बच्चे की खराब हालत को देखने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### शादी का झूठा वादा कर युवती से अनाचार, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शादी का झूठा वादा कर युवती से अनाचार करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवक ने जब शादी से इंकार कर दिया तो पीड़िता उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला मोवा थाना क्षेत्र के लोधीपारा देवार डेरा का है। यहां रहने वाली 25 वर्षीय युवती का आरोपी कलीम मोहम्मद 36 वर्ष के साथ प्रेम प्रसंग था। इस दौरान आरोपी युवक द्वारा युवती को शादी करने का प्रलोभन देकर उसके साथ करीब 6 माह तक अनाचार करता रहा। इस बीच युवती ने जब शादी करने के लिए आरोपी पर दबाव बनाया तो उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### सब्बल लेकर घूम रहा युवक गिर तार

**महासमुंद (आरएनएस)।** खल्लारी क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली में लोहे का सब्बल लेकर घुम रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़कर आ र्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डोंगरीपाली में राजेश कुमार ठाकुर अवैध रूप से लोहे का सब्बल लेकर घूम रहा है। सूचना पर पर टीम गांव पहुंचकर राजेश कुमार को हिरासत में लिया और सब्बल को जब्त किया।

### स्कूटी से गांजा तस्करी कर रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद (आरएनएस)।** स्कूटी से गांजा तस्करी करते युवक को बागबाहरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के पास से करीब 10 किलो गांजा सहित नकदी रकम और मोबाइल जब्त कर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी संजय राजपूत ने बताया कि गुरूवार को उन्हे मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक ओडिशा की ओर से स्कूटी क्रमांक सीजी 07 जीडी 6323 में गांजा लेकर बागबाहरा की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने एनएच 53 पिथौरा चौक के पास घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। आरोपी सुपेला भिलाई के ओडियापारा वार्ड 4 निवासी आकाश बाघ पिता ओसिंग बाघ करीब 10 किलो गांजा लेकर भिलाई जा रहा था। पुलिस ने युवक के पास गांजे के साथ 12 हजार कीमत की स्कूटी, 5 सौ रुपए नगदी एवं एक कीपैड मोबाइल जब्त कर नारकोटिक एक्ट 20 (ख) के तहत कार्रवाई की है।

# आम की बोरियों से लदे ट्रक से तलाशी के दौरान 8 क्विंटल गांजा जब्त

**कोरिया (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के सीमावर्ती जिलों में पुलिस द्वारा विभिन्न मादक पदार्थों की तस्करी के लिए वाहनों की विशेष चेकिंग अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है।**

#### चिरमिरी चौकी के गेल्हापानी की घटना



इसी क्रम आज कोरिया जिले के चिरमिरी चौकी इलाके से आम की बोरियों से लदे ट्रक में 8 क्विंटल गांजे की तस्करी करते हुए पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर के सूचना के आधार पर ग्राम गेल्हापानी नौ नंबर डोमनहिल मोड़ रेलवे क्रासिंग के पास ट्रक में गांजा होने की सूचना पुलिस को मिली। चौकी प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक क्रमांक एपी 07 वाय 4347 में आम की बोरियों के नीचे अवैध रूप से रखे गांजा की बरामदगी की गई। उक्त ट्रक से आठ क्विंटल गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कुल कीमत 56 लाख रुपए आंकी गई है। ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा वाहन के रजिस्ट्रेशन रिकार्ड के आधार पर चालक के खिलाफ 20 (बी) एंडी पीएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर ट्रक को गांजा समेत जब्त कर विवेचना की जा रही है। वाहन चालक एवं वाहन स्वामी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है। जो आंध्रप्रदेश रजिस्टर्ड होने के कारण शीघ्र ही आंध्र प्रदेश टीम भेजकर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# जहरीला पानी पीने से 12 हिरणों की मौत

**» कुकरेल सर्किल के ग्राम मोहलाई की घटना**



**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के वन्य क्षेत्रों में भीषण गर्मी के कारण वन्य जीव कई बार पानी की तलाश में गांव के तरफ अपना रूख मोड़ते हैं। पिछले कुछ दिनों में धमतरी के ही इलाको में हाथियों का एक झुंड पहुंच गया था वन विभाग की टीम द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद हाथियों के झुंड को वहां से दूसरे इलाके के लिए भेजा गया। कुछ ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय से 12 किमी दूरी पर स्थित केरेगांव वन परिक्षेत्र से कुकरेल सर्कि ल में घटना घटित हुई है। यहां मोहलाई ग्राम के पास स्थित मुरुम खदान में पानी पीने आए 12 हिरणों का झुंड जहरीले पानी के कारण अपनी जान गवां बैठे। मौके पर पहुंची वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने घटनास्थल का मुआयना कर हिरणों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हिरणों की मौत जहरीले पानी पीने के कारण हुई है। वन विभाग की टीम ने यह भी आशंका जताई है कि यहां शिकारियों के कारण हिरणों को कोई खतरा नहीं है।

## रबी फसल का समर्थन मूल्य नहीं मिलने पर छग संयुक्त किसान मोर्चा ने सांकेतिक धरना दिया

**महासमुंद (आरएनएस)।** रबी फसल की उपज का किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिलने के कारण गुरुवार को छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले कृषि उपज मण्डी पिटियाक्षर में एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर मांग पूरी करने की बात कही हैं।



छग किसान संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक सदस्य श्रीधर पटेल ने बताया कि रबी फसल के उपज का दाम किसानों को नहीं मिल रहा है। इसके कारण शुक्रवार को सभी किसान एक होकर कृषि उपज मंडी में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर कर रहे हैं। यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो आगे आंदोलन किया जाएगा। इधर, किसान जागेश्वर चंद्राकर, श्रीधर चंद्राकर, अलखराम साहू, लुकेश्वर सेन, अवध राम साहू सहित अन्य किसानों ने बताया कि मण्डियों में धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर नहीं हो रही है। मंडी प्रशासन व व्यापारी की मिली भगत के कारण किसानों को अपने धान का समर्थन मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है, इसलिए किसान अपने आप ठगा महशूस कर रहे हैं।

## कार की ठोकर से मैकेनिक की मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** अपना काम निपटा कर वापस लौट रहे एक मोटर मैकेनिक को एक तेज रफ्तार काले रंग की कार ने पीछे से ठोकर मार दिया जिससे मोटर मैकेनिक की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक पेशे से मोटर मैकेनिक नंदू पिछले 6 माह से जगदलपुर गीदम नाका में रहकर टाटा मोटर्स में मोटर मैकेनिक का काम करता था घटना के अनुसार नंदू मोटर सुधारने अपने दोस्त युवराज के साथ मोटरसायकिल से डिलमिली गया हुआ था। वापस लौटने के दौरान दंतेवाड़ा से जगदलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार काले रंग की नयी कार ने पीछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

## केरल तट पर पहुंचा मानसून, 18-20 जून तक छत्तीसगढ़ आने की उम्मीद

**रायपुर (आरएनएस)।** एक सप्ताह के विलंब के साथ आखिरकार दक्षिण-पश्चिम मानसून ने केरल तट पर दस्तक दे दी है। अब परिस्थितियों के अनुकूल रहने पर मानसून 8-10 दिनों के भीतर प्रदेश में भी दस्तक दे देगा। इस लिहाज से 18 से 20 जून के मध्य मानसून छत्तीसगढ़ में बस्तर के रास्ते प्रवेश कर लेगा।

मौसम विभाग से जुड़े सूत्रों ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के केरल तट पर पहुंचने की पुष्टि कर दी है। इस समय केरल और इसके आसपास के इलाकों में मानसून की झमाझम बारिश हो रही है। वहीं मानसून का एक छोर पूर्वोत्तर राज्यों की ओर आगे बढ़ रहा है। इधर मौसम विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो आमतौर पर परिस्थितियां अनुकूल रहने पर केरल तट में दस्तक देने के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ता है और 10 से 12 जून के मध्य बस्तर के रास्ते प्रदेश में दस्तक देता है। लेकिन इस बार अननीनो प्रभाव के चलते और परिस्थितियों में आए बदलाव के चलते दक्षिण-पश्चिम मानसून करीब एक सप्ताह की देरी से केरल तट पर पहुंचा है। इधर मानसून के तटीय इलाकों में दस्तक देने के साथ ही समुद्र की ओर से आ रही



नमीयुक्त हवा के असर से भीषण गर्मी से बेहाल प्रदेशवासियों को आज कुछ राहत मिली है। सूरज की तीखी धूप भी आज हल्के बादलों की वजह से मध्यम पड़ गई है। अधिकतम तापमान में भी आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेशवासियों को अब भीषण गर्मी से राहत मिलनी शुरू हो गई है, प्रदेश में दो-चार दिनों के भीतर ही प्री-मानसून की बौछारें पड़ने की भी संभावना जताई गई है।

# नक्सलियों ने यात्री सब फूंकी, यात्री सुरक्षित

**बीजापुर (आरएनएस)।** बीजापुर जिले में कल रात नक्सलियों ने जगदलपुर से फरसेगढ़ जा रही यात्री बस के यात्रियों को नीचे उतारकर उसमें आग लगा दी। आगजनी में किसी जनहानि के समाचार नहीं मिले हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जगदलपुर से फरसेगढ़ की ओर जा रही जय भवानी ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक सीजी 18 एफ 0430 को फरसेगढ़ से पूर्व सिंगार नाला के समीप रोक लिया। नक्सलियों ने बस से यात्रियों एवं चालक-परिचालक को नीचे उतारा और बस डीजल टेंक फोड़कर उसे आग की लपटों में झोंक दिया। आगजनी में बस जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है, बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

घटना की पुष्टी करते हुए एसपी बीजापुर गोवर्धन ठाकुर ने बताया कि आगजनी में शामिल नक्सलियों की तलाश में पुलिस पार्टी संदिग्ध ठिकानों की ओर रवाना कर दी गयी है।

### नक्सलियों ने अपहृत ग्रामीण को मौत के घाट उतारा



बीजापुर जिले के इलमिड़ी ग्राम में पुलिस मुखबिरी के संदेह में नक्सलियों ने बीती रात 3 दिनों पूर्व अपहृत ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, लेकिन सूचना के बाद भी पुलिस पंचनामा करने घटना स्थल पर नहीं पहुंची, जिसके बाद मृतक के परिजन शव को ट्रैक्टर में डालकर थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उल्लेखनीय है कि 3 दिनों पूर्व इलमिड़ी ग्राम में बड़ी संख्या में हथियारबंद नक्सली पहुंचे और कामेश माड़वी को अगवा कर ले गए थे, जिसकी लाश कल शाम इलमिड़ी से लगे ग्राम लंका पल्ली में मिली है। युवक के शव को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि, उसे पहले लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा गया है, बाद में धारदार हथियार से उसकी हत्या की गयी है। नक्सलियों ने घटनास्थल पर एक परचा भी छोड़ा है, जिसमें कामेश को मुखबिर ठहराते हुए, पुलिस मुखबिरों को चेतावनी दी गयी है।

## ट्रेक्टर जलाने वाले दो नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बीजापुर जिला पुलिस ने पामेड़-धरमावरम सड़क निर्माण कार्य में लगे ट्रेक्टर में आगजनी में शामिल 02 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि थाना पामेड़ से संयुक्त पुलिस पार्टी एरिया डॉमिनेशन एवं नक्सली आरोपियों की पता तलाश में जिड़पल्ली, गादीगुड़ा, धरमावरम की ओर रवाना हुई थी। ग्राम धरमावरम के निकट जंगल में कुछ संदेही किस्म के लोग पुलिस को देखकर भागने लगे, जिनका पीछा कर सोमड़ा बारसे संगठन में धारित पद - प्लाटून नम्बर 09 का सदस्य एवं मड़कम सन्ना संगठन में धारित पद - मिलिशिया सदस्य को दबोच लिया गया।

## मंत्री कवासी लखमा के सख्त तेवर देख अधिकारी भी सकते में

**» फिल्ड अफसर को किया सस्पेंड, पटवारी को पद से हटाने का निर्देश**



**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस मुख्यालय में आज मंत्री कवासी लखमा ने जनसुनवाई के दौरान मिलने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया तथा नाराजगी भी जताई। इस दौरान उन्होंने बालौद जिले के एक फिल्ड अफसर को सस्पेंड करने तथा गरियाबंद में एक पटवारी को तत्काल पद से हटाने का निर्देश भी दे दिया। मंत्री श्री लखमा के इस तेवर को देख उपस्थित लोग भी सकते में आ गए।

पीसीसी के निर्देश के बाद अब बारी-बारी से एक-एक मंत्री कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रत्येक शनिवार को उपस्थित रहकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजनों की शिकायत सुनेंगे तथा शिकायतों को यथायोग्य निराकरण भी करेंगे। आज सुनवाई के दौरान मंत्री श्री लखमा को शिकायत मिली थी कि बालोद जिले के फिल्ड अधिकारी अपने कार्य और दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरत रहे हैं। फिल्ड अफसर के खिलाफ मिली शिकायत को मंत्री श्री लखमा ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल निलंबित करने का निर्देश दे दिया।

## श्रद्धा कपूर ने स्ट्रीट डांसर 3 डी के सेट पर गाया गाना



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने कम समय में ही अपनी ऐक्टिंग से लोगों को प्रभावित किया है। इसके अलावा श्रद्धा कपूर अच्छी सिंगिंग भी कर लेती हैं।

श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म स्ट्रीट डांसर 3 डी के सेटर पर अपनी फिल्म एबीसीडी 2 का गाना सुन साथिया गाया। इसके बाद सेट पर मौजूद लोगों ने श्रद्धा कपूर के गाने की सराहना की।

श्रद्धा कपूर का यह गाना सोशल मीडिया पर भी शेयर किया गया।

स्ट्रीट डांसर 3 डी में श्रद्धा कपूर का नया डांस अवतार देखने को मिलेगा। श्रद्धा कपूर स्ट्रीट डांसर 3 डी के अलावा भी कई और फिल्में भी कर रही हैं।

श्रद्धा कपूर का साहो में ऐक्शन अवतार दिखेगा, इस फिल्म में वह पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगी। वहीं, छिछोरे में वह दो रोल करती नजर आएंगी। इस फिल्म में श्रद्धा कॉलेज की छात्रा और एक अधेड़ महिला की भूमिका में दिखाई देंगी। इसके अलावा बागी 3 में भी वह नजर आएंगी।

## अब और भी पॉलिटिकल फिल्में करना चाहती हैं अहाना

फिल्म द एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के किरदार को निभाने वाली अभिनेत्री अहाना कुमरा का कहना है कि अगर उन्हें इस तरह का किरदार दोबारा मिलता है तो राजनीतिक विषय को जानने के लिए वह इस तरह की कई और भी फिल्मों में काम करना पसंद करेंगी. अहाना ने बताया, हां, अगर वे मुझे इस तरह का कोई रोल ऑफर करते हैं, तो क्यों नहीं! सशक्त और अच्छी अभिनेत्रियों के लिए इस तरह के किरदारों को निभाने का यह एक अच्छा समय है.

इस फिल्म से उन्हें सबसे ज्यादा क्या मिला इस बारे में बात करते हुए अहाना ने कहा, एक बिल्कुल अलग इंसान के रूप में दिखना यानि कि एक सम्पूर्ण बदलाव जिसके बारे में मैंने पहले कभी सोचा भी नहीं था, यही सबसे बड़ी उपलब्धि है.



## जाह्नवी कपूर के छोटे जिम शॉर्ट्स से परेशान हैं कटरीना कैफ

जाह्नवी कपूर अपने जिम लुक से काफी सुर्खियों बटोरती हैं, लेकिन बीटाउन की फैशनिस्टा कटरीना कैफ उनके लुक को लेकर थोड़े टेंशन में हैं। उन्होंने इस बात का जिक्र हाल ही में एक टीवी चैट शो के दौरान किया।

दरअसल, कटरीना कैफ हाल ही में नेहा धूपिया के चैट शो का हिस्सा बनी थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान नेहा ने उनसे सवाल किया था कि उन्हें किसका जिम लुक ओवर द टॉप लगता है।

इस पर कटरीना ने जवाब देते हुए जाह्नवी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें जाह्नवी का लुक ओवर द टॉप नहीं लगता है लेकिन उन्हें ऐक्ट्रेस के बहुत ज्यादा छोटे शॉर्ट्स को लेकर चिंता है।



कटरीना ने कहा कि वह जिस जिम में जाती हैं, वहां जाह्नवी भी अक्सर आती हैं। वह जब उनके शॉर्ट्स देखती हैं तो उन्हें पता नहीं क्यों टेंशन होने लगता है। उन्होंने कहा कि उन्हें जाह्नवी की चिंता होती है।

वैसे बता दें कि जाह्नवी कपूर के स्टेप ब्रदर अर्जुन कपूर को कटरीना अपना भाई मानती हैं। इस बात का जिक्र वह अक्सर करती मिल जाती हैं। यहां तक कि नेहा धूपिया के शो में भी उन्होंने अर्जुन को अपना राखी ब्रदर कहा था।